एक नजर में

कई दिनों के इंतजार के बाद नगर में तेज बारिश

मुलताई। क्षेत्र में कुछ ग्रामो में एक सप्ताह पहले से बारिश होने की खबर मिल रही थी,लेकिन नगर में बारिश नही होने से लोगो को बारिश का इंतजार था। लगातार दो दिनों से बादलो एवं सूर्यदेव के बीच लुका छिपी का खेल चल रहा था, जो की मंगलवार को भी चल रहा था,लेकिन करीब सवा 2 बजे आसमान पर काले काले बादल छाए और करीब 15 मिनिट तक चली तेज हवाओ के साथ बारिश होने लगी जो करीब आधा घंटा तक होते रही। जिससे सड़को पर पानी बहने लगा, वहीं बारिश से ठंडक होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। खेती किसानी करने वाले लोगो का मानना है की इस तरह की बारिश दो तीन बार लगातार होंगी तभी बोवनी लगा सकते है।

महासम्मेलन 18 जून को, होगा भव्य आयोजन

बैतूल। 18 जून को बैतूल के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे भव्य आध्यात्मिक महासम्मेलन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा आयोजित आध्यात्मिक जागृति द्वारा आदिवासी समाज का सशक्तिकरण विषयक इस विशेष कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। पत्रकार वार्ता में ब्रह्माकुमारीज़ के वरिष्ठ प्रतिनिधि डॉ. नथमल भाई ने बताया कि कार्यक्रम स्थल को सुरक्षा और व्यवस्थाओं की दृष्टि से पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। समारोह में आदिवासी समाज द्वारा स्वागत गीत एवं पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं राष्ट्रपति अपने आध्यात्मिक अनुभव भी साझा करेंगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूर्व पंजीकरण के आधार पर निशुल्क प्रवेश पास जारी किए गए हैं। आधार और मोबाइल नंबर के माध्यम से सत्यापित पास ही मान्य होंगे। आयोजन स्थल पर वीआईपी अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, ब्रह्माकुमारी परिवार तथा आदिवासी समाज के लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था की गई है। आम नागरिकों को गेट क्रमांक 3 और 4 से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि वीआईपी अतिथि गेट क्रमांक 2 तथा राष्ट्रपति गेट क्रमांक 1 से प्रवेश करेंगी। माउंट आबू से आईं डॉ. लीना बहन ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन का श्रेय बैतूल सेवा केंद्र प्रभारी मंजू दीदी के संकल्प और प्रयासों को जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री डी.डी. उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पूरे बैतूल जिले में उत्साह का माहौल है। नगर के प्रमुख मार्गों और आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया है। यह कार्यक्रम बैतूल के इतिहास में एक यादगार अध्याय जोड़ने वाला साबित होगा।

भारत भारती में हुआ बांस शिल्प प्रशिक्षण

बैतूल। मध्यप्रदेश प्राद्योगिकी परिषद् भोपाल की योजनान्तर्गत बांस शिल्प कला और अनुसंधान केंद्र भारत भारती परिसर में बांस शिल्प प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बैतूल विकासखंड के 75 जनजाति युवक-युवतियों ने बांस के सजावटी सामान, लेम्प, गुलदस्ता आदि बनाना सीखा। इस अवसर पर भारत भारती आईटीआई के प्राचार्य विकास विश्वास, प्रशिक्षण अधिकारी अखिलेश शर्मा, प्रशिक्षक नरेन्द्र मोहबे उपस्थित रहे।

वीवीआईपी मार्ग रहेगा सैनिटाइज, भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

नवभारत न्यूज

बैतूल, 16 जून. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित बैतूल भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

विभिन्न स्थानों पर बनाई गई पार्किंग व्यवस्था

थाना यातायात बैतूल द्वारा जारी सूचना के अनुसार कार्यक्रम के दौरान यातायात को सुचारु बनाए रखने, आमजन की सुविधा तथा सुरक्षा मानकों के पालन के लिए विशेष मार्ग, पार्किंग स्थल एवं वैकल्पिक रूट निर्धारित किए गए हैं। गंज रेलवे स्टेशन क्षेत्र से आने वाले वाहन मैकेनिक चौक, गुरुद्वारा रोड एवं रैन बसेरा चौक मार्ग से कार्यक्रम स्थल पहुंच सकेंगे। मुलताई क्षेत्र से आने वाले वाहनों को परतापुर, बैतूल बाजार, एलबी लॉन, बडोरा चौक एवं गेंदा चौक मार्ग का उपयोग करना होगा।

इंदौर हाईवे की ओर से आने वाले वाहन तितली चौराहा, करबला मार्ग, डॉन बॉस्को स्कूल एवं राम बोले चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। वहीं आमला रोड से आने वाले वाहनों के लिए हमलापुर चौक, वन विद्यालय, तिवारी पेट्रोल पंप, काली चट्टान रोड, ग्रीन सिटी, भग्गूडाना, आबकारी तिराहा, रेलवे स्टेशन, मैकेनिक चौक, गुरुद्वारा रोड एवं रैन बसेरा चौक होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचने की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए 18 जून को प्रात: 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक बैतूल नगर सीमा में भारी एवं मध्यम वाहनों, ट्रैक्टर एवं ट्रॉलियों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।



जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का पालन करें, यात्रा के दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन में प्रशासन का सहयोग करें, जिससे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था सुचारु एवं सुरक्षित बनी रहे।

वीआईपी, प्रशासनिक एवं आमजन के लिए अलग पार्किंग : कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों एवं आमजन के वाहनों के लिए पृथक-पृथक पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। दक्ष केंद्र शिवाजी चौक में वीवीआईपी एवं वीआईपी पार्किंग, पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में पुलिस प्रशासनिक पार्किंग, पुलिस परेड ग्राउंड अंबेडकर चौक में दोपहिया वाहन पार्किंग तथा रैन बसेरा चौक के समीप चारपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त गुरुद्वारा रोड स्थित आदिवासी छात्रावास के सामने पुलिस परेड ग्राउंड गेट तथा उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान (हॉकी स्टेडियम के समीप) में भी पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

निर्धारित किया गया विशेष मार्ग

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का कार्केट हेलीपैड मिलानपुर से भारत भारती, सोनाघाटी फॉरेस्ट बैरियर, चक्कर रोड, थाना कोतवाली चौक, गणेश मंदिर, कॉलेज चौक, पुलिस कंट्रोल रूम चौक, पुलिस पेट्रोल पंप होते हुए लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगा। थाना यातायात द्वारा जारी सूचना के अनुसार सुरक्षा कारणों से 18 जून को प्रात: 9 बजे से 10.15 बजे तक राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के कार्केट मार्ग को पूर्णत: खाली एवं सैनिटाइज रखा जाएगा। साथ ही एंटी-सबोटाज जांच पूर्ण होने के बाद कार्केट मार्ग पर किसी भी प्रकार के वाहन संचालन की अनुमति नहीं होगी।

महाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के लिए विशेष यातायात व्यवस्था

महाविद्यालयीन परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के लिए विशेष यातायात व्यवस्था भी की गई है। शाहपुर एवं सारणी क्षेत्र से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए शाहपुर, पाथाखेड़ा जोड़, घोड़ाडोंगरी, रानीपुर, चिखलार, पहाड़ी अस्पताल मार्ग, खासी खदान, अवस्थी गोदाम, अखवाड़ा चौक, लिंक रोड एवं कारगिल चौक मार्ग निर्धारित किया गया है। आमला मार्ग से आने वाले विद्यार्थी हमलापुर चौक, वन विद्यालय, तिवारी पेट्रोल पंप, काली चट्टान रोड, ग्रीन सिटी, भग्गूडाना एवं आबकारी तिराहा मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। वहीं मुलताई क्षेत्र से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए परतापुर, बैतूल बाजार, एलबी लॉन, बडोरा चौक एवं गेंदा चौक मार्ग निर्धारित किया गया है। इंदौर हाईवे से आने वाले विद्यार्थी तितली चौराहा, करबला मार्ग, डॉन बॉस्को स्कूल एवं राम बोले चौक मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुविधा एवं परीक्षा केंद्रों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इन वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की है।

हादसा : टवेरा की टक्कर से बाइक सवार तीन युवाओं की मौत

बैतूल। चिचोली थाना क्षेत्र स्थित टाहली जोड़ पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवतियों और एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार टवेरा वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवतियों ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

इंदौर से लौटी युवती को लेने पहुंचे थे दोस्त

युवक की मौके पर और युवतियों की अस्पताल में मौत

घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भीमपुर ब्लॉक के खारीढाना गांव निवासी आंचल सेन उम्र 25 वर्ष मंगलवार सुबह करीब 5 बजे इंदौर से लौटकर फोरलेन स्थित टाहली जोड़ पर उतरी थी। उसने अपनी सहेली खुशी पंडग्रे उम्र 22 को वहां बुलाया था ताकि वह उसे घर ले जा सके। खुशी अपने मित्र कपिल बारस्कर के साथ बाइक से आंचल को लेने टाहली जोड़ पहुंची थी। बताया जा रहा है कि कपिल बाइक पर आंचल और खुशी को बैठाकर जैसे ही फोरलेन मार्ग पर आगे बढ़ा, उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक टवेरा वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कपिल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आंचल और खुशी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों घायल युवतियों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। मंगलवार को जिला अस्पताल में दोनों युवतियों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया, जबकि मृतक युवक कपिल का पोस्टमार्टम चिचोली में कराया गया। इसके बाद तीनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। चिचोली पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टवेरा वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। हादसे ने एक साथ तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही हादसे के बारे में जानकारी मिल पायेगी।

चांदी का मुकुट चोरी करने वाले आरोपी धराये

सारनी। हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. टी आई जयपाल इवनाती ने कहा कि हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी के मामले में थाना सारणी पुलिस ने संलिप्त एक आरोपी एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं। टीआई श्री इवनाती ने बताया कि 14 जून को फरियादी मुकेश पिता धुंधराव सोनारे (41) निवासी शोभापुर कालोनी ने थाना सारणी आकर रिपोर्ट किया कि श्रीराम इंटरप्राइजेस बगडोना के सामने स्थित हनुमान मंदिर हैं जहां पर मैं दर्शन करने जाया करता हूँ, हनुमान

जी की मुर्ति पर एक चाँदी का मुकूट लगा हुआ था, जब मैं 13 जून को करीब शाम 5 बजे हनुमान मंदिर बगडोना गया, तो उक्त मुकूट नही दिखा। जिसकी चोरी की शंका के आधार पर थाना सारणी में फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूध्द धारा 305(डी) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। साक्षों के आधार पर आरोपियों की तलास पतारसी करने पर संदिग्ध करण पिता मनोज नामदेव निवासी शाहपुर से पूछताछ किया, जिसने बताया कि एक अपचारी बालक साथी के साथ मिलकर मुकूट चोरी किया हैं।

जिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से करेगा शिष्टाचार भेंट

बैतूल। 18 जून को देश की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के बैतूल आगमन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात के लिए समय देने का अनुरोध किया है। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर बताया कि कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल महामहिम से मुलाकात कर जिले के किसानों को खाद, बीज और डीजल की समस्या, राज्यसभा चुनाव में मीनाक्षी नटराजन का चुनाव आयोग द्वारा फार्म निरस्त किए जाने, बैतूल जिले में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार तथा सड़क, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर उनका ध्यान आकृष्ट करना चाहता है। आवेदन के अनुसार प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह उइके, पूर्व विधायक ब्रम्हा भलावी, पूर्व विधायक धरमूसिंह सिरसाम, पूर्व विधायक डॉ. पी.आर. बोड़खे, प्रदेश सचिव समीर खान, जिला कांग्रेस प्रवक्ता लवलेश बब्बा राठौर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हर्षवर्धन धोटे, संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे और जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष लोकेश पगारिया शामिल रहेंगे।

3 आरोपियों से 8 हजार रुपए की शराब जप्त

मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई में शासन द्वारा शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगा रखा है, जिसके बाद भी मुलताई में अवैध रूप से शराब बेचीं जा रही है. जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस द्वारा शराब धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा मुलताई पुलिस द्वारा करते हुए नगर के तासी वार्ड सहित नगर से सटे ग्राम कामथ एवं बाडेगांव से अवैध शराब जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया सोमवार को मुखबिर की सुचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी रविशंकर पिता सुरेन्द्र पवार (37 वर्ष), निवासी कामथ के कब्जे से 15 पाव गोवा

अंग्रेजी शराब एवं 17 पाव देसी प्लेन शराब, आरोपी सुलखान सिंह पिता इंदौर सिंह सिसोदिया (37 वर्ष), निवासी बाड़ेगांव के कब्जे से 5 क्वार्टर रॉयल सेलेक्ट अंग्रेजी शराब एवं 6 पाव देसी प्लेन शराब, तथा आरोपी महेश पिता दिनकर नागल (38 वर्ष), निवासी तासी वार्ड, मुलताई के कब्जे से 10 क्वार्टर रॉयल स्पेशल अंग्रेजी शराब, 19 पाव देसी प्लेन शराब एवं 6 बीयर बरामद की। तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 15.96 लीटर अवैध शराब करीब 8 हजार 125 रुपए की शराब जप्त कर तीनो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शिकायत पर कामथ पहुंची डायल 112 के आरक्षक से धक्का मुक्की

मुलताई। नगर से सटे ग्राम कामथ में दो दिन पहले पति एवं पत्नी के बीच हो रहे विवाद की शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंची डायल-112 पर पथराव एवं आरक्षक के साथ धक्का मुक्की करने की खबर जन चर्चा में है, जिसका वीडियो वायरल हुआ है। घटना दो दिन पहले की बताई जाती है, वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा आरक्षक से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरक्षक द्वारा रिपोर्ट करने से इंकार किया है, लेकिन फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।बताया जाता है रविवार को किसी व्यक्ति द्वारा एक वीडियो वायरल किया द्धड्डु जिसमे पुलिस के एक आरक्षक के साथ कुछ लोग मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार से इस संबंध में चर्चा की तो उन्होने बताया कि रविवार दो दिन पहले एक महिला का अपने पति से विवाद की सूचना डायल-112 पर मिलने से पदस्थ आरक्षक सत्येंद्र पाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जो समझाइश देकर वापस आ गए लेकिन फिर विवाद बढ़ने की शिकायत मिलने पर वापस पहुंचे तो कुछ लोगो ने आरक्षक पाल के साथ झूमा झटकी की। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीएम स्वनिधि योजना में महिला उद्यमी परेशान

सारनी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृत 50 हजार रुपये का ऋण नहीं मिलने पर सारनी निवासी श्रीमती पूजा श्यामाकांत शर्मा ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है। वार्ड क्रमांक-3 सतना लाइन निवासी श्रीमती पूजा शर्मा ने आवेदन में बताया कि वह ब्यूटी पार्लर एवं बुटिक का संचालन करती हैं और व्यवसाय के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत तीसरी बार ऋण के लिए आवेदन किया था। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा उनका आवेदन स्वीकृत कर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सारनी भेजा गया था। आवेदिका का आरोप है कि बैंक प्रबंधक द्वारा उन्हें बार-बार बैंक बुलाकर गुमराह किया गया।

पीड़िता ने जिला कलेक्टर से की शिकायत

कार्रवाही और जांच कर लोन दिलाने की मांग

उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। शिकायत वापस नहीं लेने पर बैंक प्रबंधक ने कथित तौर पर कहा कि जहां शिकायत करना हो वहां शिकायत करिए, मैं तुम्हारा लोन पास नहीं करूंगा। श्रीमती पूजा शर्मा ने बताया कि उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए, ऑनलाइन स्टाम्प पेपर भी बैंक में प्रस्तुत किया और बैंक द्वारा उनके कार्यस्थल का निरीक्षण भी कराया गया। इसके बावजूद ऋण स्वीकृत नहीं किया गया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पूर्व में लिए गए दो ऋणों की पूरी राशि ब्याज सहित समय पर जमा कर चुकी हैं। आवेदिका ने कलेक्टर से मामले की जांच कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृत ऋण दिलाने की मांग की है।

रोजगार की मांग को लेकर पॉवर प्लांट के गेट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

सारनी। रोजगार की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने पावर प्लांट के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने रोजगार के अभाव में बढ़ते पलायन और उजड़ते शहर पर अपने विचार व्यक्त किए। कांग्रेसियों ने कहा रोजगार की तलाश में शहरी और आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग पलायन कर चुके है। सारणी में 12000 करोड़ का पावर प्लांट प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इस प्रोजेक्ट में स्थानीय मजदूरों और युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते स्थानीय व्यापारियों, मजदूरो, युवाओं और

श्रम संगठनों में पावर प्लांट प्रबंधन के प्रति भारी नाराजगी है। करीब 2 घंटे तक चल धरने के बाद जब ज्ञापन लेने मुख्य अभियंता धरना स्थल पर नहीं पहुंचे तो आक्रोशित कांग्रेसी बैरिकेड तोड़कर पावर हाउस के गेट तक पहुंच गए। यहां भारी संख्या में पावर प्लांट के सुरक्षाकर्मी और पुलिस प्रशासन का बल मौजूद रहा। सुरक्षा कर्मियों और पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन गुस्सा आए कांग्रेसी प्लांट के गेट तक नारेबाजी करते हुए पहुंच गए। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे हैं कांग्रेसी गेट के सामने बैठकर सरकार और क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। मुख्य सुरक्षा अधिकारी की समझाइ इसके बाद कांग्रेसी पुन: धरना स्थल पर पहुंचे। यहां मुख्य अभियंता एस के लिलोरे पहुंचे और रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं से ज्ञापन लिया। इसके बाद कांग्रेसियों ने पावर प्लांट डिस्मेंटल का कार्य कर रही चिनार स्टील कंपनी का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज किया। प्रदर्शन करने वाले कांग्रेसियों में समीर खान, ब्लॉक अध्यक्ष बटेश्वर भारती सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

जनसुनवाई अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

बैतूल। अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई।

इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती जाट ने अधिकारियों को निर्देशित किया

कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में दोबारा न आना पड़े। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में बैतूल निवासी मारोति ने जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर अपर कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैतूल को तत्काल आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। हसलपुर निवासी रामरति बाई द्वारा सीमांकन नहीं होने की शिकायत पर अपर कलेक्टर ने आमला तहसीलदार को आवेदक की समस्या की निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम गोराखार निवासी इमला बाई ने सीमांकन करवाए जाने के लिए आवेदन दिया, प्राप्त आवेदन पर तहसीलदार बैतूल ग्रामीण को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी सुंदरलाल मालवी द्वारा आबादी में स्थित मकान एवं बाड़ी में नाम दर्ज किए जाने के आवेदन पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार बैतूल ग्रामीण को प्रकरण की जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधारने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम कावला निवासी अनुका ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधारने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने भैंसदेही के संबंधित एसडीओ को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल तहसील निवासी दीपक वाघमारे ने आवेदन के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। जिस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित एसीईओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। भैंसदेही तहसील के ग्राम घोडयि निवासी बाटू ने सीमांकन कराए जाने के लिए आवेदन दिया, प्राप्त आवेदन पर अपर कलेक्टर ने भीमपुर तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर निकाली रैली

पाथाखेड़ा। बगडोना में वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णुसिंह उईके शासकीय महाविद्यालय सारनी-बगडोना में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक, वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस के अवसर पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राध्यापक डॉ. गोलमन अहाके एवं अनुज हलदार द्वारा स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को वृद्धजन सम्मान एवं दुर्व्यवहार रोकथाम की शपथ दिलाकर की गई। इस अवसर पर प्राचार्य पंद्राम ने कहा कि वृद्धजन केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्हें धन-दौलत से अधिक अपनापन, सम्मान और समय की आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से

अपने दादा-दादी, नाना-नानी एवं माता-पिता की सेवा और देखभाल करने का आह्वान किया। इसके पश्चात अनिता नागले एवं मोहन पंवार के नेतृत्व में जागरूकता रैली एवं प्रभातफेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने घर-घर पहुंचकर वृद्धजनों से संवाद स्थापित किया। स्वयंसेवक दुर्गेश वरकड़े ने बगडोना निवासी वृद्ध गेंदलाल कापसे से चर्चा की, जिन्होंने बताया कि वृद्धावस्था में बीमारी के बावजूद उनके पुत्र, बहू एवं बेटी उनकी पूरी सेवा और देखभाल कर रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सलैया साप्ताहिक बाजार में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा। डॉ. दीपक कुमार मानकर, निकिता सोनी एवं मनोज नागले के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने मंचन कर वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा एवं संवेदनशील व्यवहार का संदेश दिया।